कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

:: तृतीय श्रेणी कर्मचारी भर्ती-2022-23 ::

-::सूचना-पत्र दिनांक-13.12.2023 ::-

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा (छ0ग0) के सूचना पत्र दिनांक 01.12.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त पदों सहायक ग्रेड-तीन (नियमित)-30 पद, सहायक ग्रेड-3(संविदा)कोर्ट मैनेजर अमला-01 पद स्टेनोग्राफर(हिन्दी)-10 पद, स्टेनोग्राफर(अंग्रेजी)-02 पद, स्टेनो टायपिस्ट-02 पद के कौशल परीक्षा का आयोजन दिनांक 17.12.2023 एवं 18.12.2023 को आयोजित किये जाने हेतु सूचना प्रकाशित किया गया है तथा साथ ही कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित किया गया है।

सहायक ग्रेड-3(नियमित) अनुसूचित जनजाति-12 पद के विरूद्ध आमंत्रित 15 गुना अभ्यर्थियों में से सरल क्रमांक 175, पंजीयन क्रमांक-2183 अनुक्रमांक-AG1796 श्री अनिल कुमार, पिता धरम लाल के द्वारा पत्र दिनांक 11.12.2023 प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि वे अनुसूचित जाति संवर्ग से है, अतएव उनका नाम अनुसूचित जनजाति संवर्ग के कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों में से हटाकर, अनुसूचित जाति संवर्ग के रिक्त पद हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों में सम्मिलित किया जावे।

अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं सहपत्रों की जांच किये जाने पर, उक्त अभ्यर्थी अनुसूचित जाति संवर्ग से होना पाया गया है, जिससे उक्त अभ्यर्थी का नाम अनुसूचित जनजाति संवर्ग के कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की सूची से विलोपित किया जाता है, तथा उक्त अभ्यर्थी अनुसूचित जाति संवर्ग के रिक्त पदों के विरूद्ध आमंत्रित अभ्यर्थियों में से कम अंक प्राप्त किया है, जिससे उक्त अभ्यर्थी का नाम अनुसूचित जाति संवर्ग के रिक्त पद के विरूद्ध कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों में जोड़ा नहीं जा रहा है।

शेष समस्त अभ्यर्थीगण सूचना पत्र दिनांक 01.12.2023 में जारी निर्देशानुसार कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहेंगे।

13/12/2023

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0